
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-144 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) बुधवार 06 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## भाजपा की चुनावी रणनीति : उत्तर प्रदेश, पंजाब और गोवा समेत 7 राज्यों पर फोकस

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के साथ पूर्वी भारत में अपना वर्चस्व स्थापित करने के बाद भाजपा की नजर अब 2027 में होने वाले सात राज्यों के विधानसभा चुनावों पर है, जिनमें गुजरात, गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश प्रमुख हैं।

पार्टी ने इन राज्यों में चुनाव की तैयारियां पहले ही शुरू कर दी हैं और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अगले वर्ष के चुनावी अभियान के लिए जमीनी स्तर पर काम प्रारंभ कर दिया है। भाजपा के एक सूत्र ने कहा, 'पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब पार्टी का ध्यान अगले वर्ष सात राज्यों में होने वाले चुनावों पर केंद्रित होगा। कुछ स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, जिन्हें अब और तेज किया जाएगा।' नवीन गोवा, गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं और इस दौरान उन्होंने पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों व नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की है। वह जल्द ही उत्तराखंड का दौरा करेंगे, जहां अगले वर्ष गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और



हिमाचल प्रदेश के साथ चुनाव होने हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भाजपा की सरकार है, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है। हाल ही में संपन्न चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के चुनाव परिणाम आने के बाद जश्न मनाने के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन ने सोमवार को कहा कि चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'अटूट विश्वास' बनाए हुए है। उन्होंने कहा, 'गंगोत्री से गंगासागर तक राजग-भाजपा की सरकार बन रही है। यह केवल भौगोलिक विस्तार नहीं, बल्कि हमारे नेतृत्व और दृष्टि में लोगों के विश्वास का विस्तार है।' उन्होंने कहा, 'मैं अपने प्रिय नेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आश्वस्त करता हूं कि आप नेतृत्व करते रहें, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ आने वाले समय की तैयारियों में जुट चुके हैं।'

भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सोमवार को 206 सीटें जीतकर दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर इतिहास रच दिया और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। असम में सत्तारूढ़ राजग दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने वाला है। राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा ने 82 सीट पर जीत हासिल की जबकि उसके सहयोगी दलों बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10-10 सीट पर जीत मिली है। राज्य में भाजपा ने पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया है। इससे पहले 2021 और 2026 के चुनावों में उसने 60-60 सीटें जीती थीं। तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें उसे केवल एक सीट पर जीत मिली। केरल में भाजपा ने तीन विधानसभा सीटें जीतकर उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। राज्य में अब तक पारंपरिक रूप से यूडीएफ और एलडीएफ के बीच द्विध्रुवीय मुकाबला रहा है, जहां भाजपा लंबे समय से राजनीतिक आधार बनाने का प्रयास करती आ रही है।

## अखिलेश का बीजेपी को खुला चैलेंज

### कहा- यूपी चुनाव से पहले महिलाओं को आरक्षण दो या सच बताओ

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए महिलाओं का आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में भाजपा को चुनौती दी कि या तो वह उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महिला आरक्षण लागू करें या फिर खुले तौर पर स्वीकार करे कि वह महिलाओं के हितों के खिलाफ है। उन्होंने पोस्ट में कहा, 'पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की मांग है कि जो 'महिला आरक्षण' समस्त विपक्ष ने मिलकर संसद में सहर्ष पास किया है उसे 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा भाजपा सरकार तत्काल करे या कह दे कि पुरुषवादी भाजपाई और उनके सामंती संगी-साथी महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ हैं।' यादव ने कहा, 'जब तक यह घोषणा नहीं होगी तब तक हम यह बात हर हफ्ते जगह-जगह उठाते रहेंगे।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह समाजवादी पार्टी पर संसद में महिला आरक्षण को रोकने का इल्जाम लगा रहे हैं। यादव की यह मांग उनकी पार्टी की व्यापक 'पीडीए' रणनीति का हिस्सा है



जिसके तहत साल 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंकों को मजबूत करने का मंसूबा है। साल 2011 की जनगणना पर आधारित परिसीमन प्रक्रिया के बाद 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून को 'लागू करने' के लिए लोकसभा सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 किया जाना था। इसके अलावा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को समायोजित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाई जानी थीं। इस सिलसिले में केंद्र सरकार द्वारा लाया गया संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पिछली 17 अप्रैल को संसद में पारित नहीं हो सका था। उसके बाद से भाजपा लगातार विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगा रही है।

## सुर्खियां.............

### राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालयों में कूलर और इंवर्टर की व्यवस्था कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** भीषण गर्मी के बीच सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की सुविधा को लेकर बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालयों में कूलर और इंवर्टर की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### पांचवें दिन की कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया रोचक वर्णन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम महिया खास में रामजानकी मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन की कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। महिया प्रतापपुरा में रामजानकी मंदिर परिसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि ।गवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणाएं हैं। पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना ने विषैले स्तनपान के माध्यम से कृष्ण को मारने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने उसका उद्धार कर उसे मोक्ष प्रदान किया। इसी तरह श्रीकृष्ण का माखन चुराना केवल एक बालसुलभ चंचलता नहीं थी, बल्कि वह गोपियों के हृदय रूपी माखन को जीतने का प्रतीक है।

## यूपी में युवाओं के लिए बड़ा मौका, हर जिले में सीएम फेलो, 50000 है मंथली सैलरी

*( यंग भारत न्यूज )*

***लखनऊ।*** *यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए. इनमें सबसे अहम 'वन ट्रिलियन डॉलर मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम' है, जिसके तहत अब राज्य के सभी 75 जिलों में विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी.*

*इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में दो फेलो एक इकोनॉमिक डेवलपमेंट फेलो और एक डेटा एनालिस्ट फेलो नियुक्त किए जाएंगे. ये दोनों जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में काम करेंगे और जिले की आर्थिक गतिविधियों की गहराई से निगरानी करेंगे. इनकी जिम्मेदारी सिर्फ डेटा इकट्ठा करना नहीं होगी, बल्कि विकास की रणनीति तैयार करना भी होगा. कृषि, उद्योग, निवेश,*



*पर्यटन, रोजगार और जिला घरेलू उत्पाद (DDP) जैसे अहम क्षेत्रों की नियमित समीक्षा की जाएगी, जिससे विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके.*

*अब तक योजनाओं की निगरानी कागजी रिपोर्ट्स या देरी से मिलने वाले आंकड़ों पर निर्भर रहती थी. लेकिन नई व्यवस्था में डिजिटल डैशबोर्ड के जरिए हर योजना की प्रगति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जाएगा. इससे तुरंत पता चल सकेगा कि कौन सा जिला या सेक्टर पीछे है और कहां सुधार की जरूरत है. डेटा आधारित निर्णय लेने से पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ेंगी, जिससे योजनाओं का असर भी तेजी से दिखाई देगा. इस फेलोशिप के लिए उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री होना जरूरी है. अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष तय की गई है. चयन प्रक्रिया तीन चरणों में लिखित परीक्षा, अतिरिक्त योग्यता और इंटरव्यू के जरिए पूरी होगी. इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी State Transformation Commission Uttar Pradesh को दी गई है, जो योग्य उम्मीदवारों का चयन करेगी.*

### वेतन और सुविधाएंः युवाओं के लिए शानदार मौका

*चयनित फेलो को 50,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा. इसके साथ ही उन्हें लैपटॉप, यात्रा भत्ता और आवासीय सुविधा या भत्ता भी मिलेगा. शुरुआती नियुक्ति एक साल के लिए होगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है. यह पहल उन युवाओं के लिए खास अवसर है, जो प्रशासन और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं.*

### न्याय व्यवस्था में डिजिटल बदलाव

*कैबिनेट ने न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए भी अहम फैसले लिए हैं. ई-साक्ष्य प्रबंधन और ई-समन जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी. अब डिजिटल सबूत जैसे मोबाइल डेटा, वीडियो और ईमेल को सुरक्षित तरीके से कोर्ट में पेश किया जा सकेगा. ई-समन के जरिए कोर्ट नोटिस डिजिटल रूप में भेजे जाएंगे, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी. वहीं छोटे अपराधों में जेल की बजाय सामुदायिक सेवा जैसे सफाई, वृक्षारोपण और ट्रैफिक प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा.*

### शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बड़ा कदम

*राज्य के 150 सरकारी स्कूलों में 'ड्रीम स्किल लैब्स' स्थापित की जाएंगी, जहां छात्रों को रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग मिलेगी. इसके अलावा, Yamuna E&pressway क्षेत्र में 400/220 केवी का आधुनिक बिजली उपकेंद्र बनाया जाएगा, जिससे उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी.*

## नोनिहालों की सेहत के साथ भयंकर खेल, भ्रष्ट अधिकारी कर रहे हैं 45 करोड़ रुपये के साथ प्रतिवर्ष बंदरबांट

# जनपद में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सरकार कर रही है प्रतिवर्ष 45 करोड़ से ज्यादा रुपया खर्च



**संजय श्रीवास्तव**
**(प्रधान सम्पादक)**

( यंग भारत न्यूज )

- प्रतिवर्ष करोड़ों करोड़ का सरकारी बजट हजम करके अधिकारियों का गिरोह कर रहा है सरकारी धन का पत्ता साफ
- पुष्टाहार की कभी नहीं होती सेम्पलिंग, न ही होती है कोई क़्वालिटी की जांच पड़ताल, अगर कुछ होता है तो वह है जिम्मेदार अधिकारियों के बीच सरकारी धन का बंदरबाट
- प्रतिमाह खेले जा रहे करोड़ों के इस खेल की उच्च स्तरीय जांच करा के दोषी अधिकारियों को दंडित करने की उठ रही है पुरजोर मांग
- तब हो पायेगा कहीं जाकर कुपोषण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और सरकार का असली मकसद पूरा

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले के लगभग 1885 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर से प्रति केंद्र करीब 20 हजार रुपये प्रतिमाह खर्च किए जा रहे हैं। यह वितरण लगभग 25 दिनों के लिए निर्धारित होता है और लाभार्थियों की संख्या 25 से 30 तक मानकर भुगतान किया जाता है।

लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वर्तमान में जो पुष्टाहार वितरित कराया जा रहा है, वह गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है। उनका कहना है कि पहले जो सामग्री आती थी, उसे लाभार्थी आसानी से स्वीकार कर लेते थे और बच्चों को भी उसका स्वाद पसंद आता था। फेस कैप्चर कर वितरण की प्रक्रिया भी सरल रहती थी। वर्तमान में वितरित हो रहे पुष्टाहार को लेकर लाभार्थियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की कई महिलाओं ने शिकायत की है कि सामग्री में गुणवत्ता की कमी है, कई बार उसमें बदबू आती है और उसका स्वाद भी खराब होता है। कुछ लाभार्थियों ने यहां तक आरोप लगाया कि सामग्री खाने में कड़वी लगती है। कई ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि उनके बच्चे इस सामग्री को खाने से मना कर देते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई स्थानों पर पशु भी इस सामग्री को खाने से कतरा रहे हैं। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों की ओर से हर हाल में वितरण कराए जाने का दबाव बनाया जा रहा है।

**कड़क सीएम योगी के राज में भी खुलकर खेल रहे हैं भ्रष्टाचारी**

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए सरकार ने शुरू की थी पुष्टाहार वितरण योजना**

**मगर बेबस और निरीह बच्चे घटिया पुष्टाहार खाने को मजबूर**

कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि यदि वे लाभार्थियों का फेस कैप्चर कर पुष्टाहार वितरण नहीं करती हैं या वितरण की ऑनलाइन फीडिंग समय पर नहीं होती है तो उनके मानदेय पर रोक लगाने की चेतावनी दी जाती है। आरोप है कि प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी द्वारा इस मामले में कड़ा दबाव बनाया जाता है। कई कार्यकत्रियों ने बताया कि उन्हें एक ओर विभागीय अधिकारियों के दबाव का सामना करना पड़ता है तो दूसरी ओर लाभार्थियों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। लाभार्थी घटिया गुणवत्ता का हवाला देकर सामग्री लेने से मना कर देते हैं और कई बार कार्यकत्रियों को खरी-खोटी भी सुनाते हैं। एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि 'हम बहुत कम मानदेय में समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी हमारी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं। हमें मजबूरी में लाभार्थियों के घर-घर जाकर हाथ जोड़कर सामग्री लेने के लिए कहना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक जनपद में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पुष्टाहार तैयार किया जा रहा है। यह कार्य मुख्य रूप से अकबरपुर इटौरा और कुठौंद ब्लॉक में संचालित इकाइयों में किया जा रहा है, जहां से तैयार सामग्री विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाई जाती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब लगातार गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं तो संबंधित विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? कार्यकत्रियों का आरोप है कि इस पूरे मामले में कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, जिसके चलते घटिया सामग्री की आपूर्ति जारी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार सीडीपीओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी को मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार कुपोषण दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यदि जमीनी स्तर पर लाभार्थियों को घटिया सामग्री दी जाएगी तो योजना का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। अब यह मामला जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। यदि समय रहते जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह योजना सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह जाएगी और इसका खामियाजा गरीब बच्चों एवं महिलाओं को भुगतना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और गुणवत्ता मानकों की प्रयोगशाला जांच कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और लाभार्थियों को बेहतर पोषण सामग्री मिल सके।

**वास्तव में तो जानवर भी नहीं खाते आंगनबाड़ी का पुष्टाहार**

- **नादान बच्चों को पुष्टाहार वितरण से करोड़ों कमाकर भ्रष्ट अधिकारी हो गए हैं मालामाल**
- **मगर भ्रष्टाचार में गले तक डूब चुके अधिकारी बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके बंटवा रहे हैं घटिया और बदबूदार पुष्टाहार**

# भाजपा-एनडीए की विजय के उपलक्ष्य में भाजपा नेता प्रवीण सिंह के कार्यालय उत्साहपूर्ण विजय उत्सव आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भाजपा-एनडीए की विजय के उपलक्ष्य में भाजपा नेता प्रवीण सिंह के कार्यालय उत्साहपूर्ण विजय उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रेरणादायी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवीण सिंह, जिन्होंने दो माह तक निरंतर प्रवास कर सक्रिय भूमिका निभाई, उनका कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं, पारंपरिक झलमुड़ी का आनंद लिया तथा आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।



# राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालयों में कूलर और इंवर्टर की व्यवस्था कराने की मांग की

## बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक राईन ने दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** भीषण गर्मी के बीच सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की सुविधा को लेकर बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालयों में कूलर और इंवर्टर की व्यवस्था कराने की मांग की है।

बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक राईन ने राज्यपाल को भेजे शिकायती पत्र में लिखा कि सरकारी विद्यालयों में अधिकांश गरीब, श्रमिक और कमजोर वर्ग के बच्चे पढ़ाई करते हैं, जिनके पास निजी स्तर पर गर्मी से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं होते। वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण इन बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बताया कि अधिकांश विद्यालयों में इंवर्टर की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे बिजली जाते ही कक्षाएं पूरी तरह प्रभावित हो जाती हैं। आरोप लगाया कि जांच कराई जाए तो कई विद्यालयों में लगे पंखे भी जर्जर और अनुपयोगी स्थिति में होंगे या पर्याप्त हवा नहीं दे पा रहे होंगे। ऐसे में गर्मी के चलते बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। उन्होंने विद्यालयों में लगे पंखों की जांच कराने और सभी परिषदीय विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर कूलर और इंवर्टर की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है ताकि बच्चों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।'

# पांचवें दिन की कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया रोचक वर्णन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम महिया खास में रामजानकी मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन की कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

महिया प्रतापपुरा में रामजानकी मंदिर परिसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि गवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणाएं हैं। पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना ने विषैले स्तनपान के माध्यम से कृष्ण को मारने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने उसका उद्धार कर उसे मोक्ष प्रदान किया। इसी तरह श्रीकृष्ण का माखन चुराना केवल एक बालसुलभ चंचलता नहीं थी, बल्कि वह गोपियों के हृदय रूपी माखन को जीतने का प्रतीक है। कालिया नाग दमन कर भगवान ने यमुना में विष घोलने वाले कालिया नाग को परास्त कर उसे वहां से भगाया और ग्वाल-बालों की रक्षा की। बताया कि श्रीकृष्ण की हर लीला में गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा है, जो मनुष्य को प्रेम, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान के नाम का स्मरण करने और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर पारीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मालखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र, हरेंद्र, कालका प्रसाद, विसंभर दयाल, दीनदयाल, बनवारी लाल, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम, रानी, अर्चना, मालती, माया देवी, सुशांत सिंह, राका, फुर्तीले कक्का आदि रहे।

# नाला सफाई और टूटी पुलियों की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम गुलाबपुरा में नाला सफाई और टूटी पुलियों की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा निवासी हिम्मतराम, भारत आदि ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उनके गांव के मौजा में खेतों के बरसाती पानी के निकास के लिए ग्राम गुलाबपुरा से होते हुए मौजा गनुपुरा से छिरिया सलेमपुर के बीच से होकर नाला छिरिया सलेमपुर नाले में गिरता है। इस नाले में काफी समय से बेसरम के पौधे खड़े है। जिससे पानी का बहाव बाधित है। इस नाले पर लालसिंह, बहादुर व धन सिंह के खेत के पास पुलिया भी बनी हैं। तीनों पुलियों में पाइप लगे है। जो समय के साथ टूट चुके हैं ऐसे में इन पुलियों से होकर आवागमन भी बाधित है। वर्ष 2025 में शिकायत करने पर कुछ दूरी तक नाले की सफाई कराई गई थी, पूरा नाला साफ नहीं किया गया था। जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने पूरे नाले की सफाई कराने, बेशरम को उखाड़ने एवं टूटी पुलियों की मरम्मत कराने की मांग एसडीएम से की है।

# बाइक आपस में भिड़ीं, एक की मौत

## -किराना का सामान लेकर लौट रहा था दुकानदार, टक्कर से उछल कर 10 फीट दूर गिरा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद के गुरसरांय थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई और दूसरी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मड़पुरा गांव के पास उस समय हुआ, जब युवक दुकान का सामान लेकर लौट रहे थे।



एरच थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी 27 वर्षीय मनमोहन गांव में ही किराना की दुकान चलाता था। मृतक के छोटे भाई भगवतीशरण के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 9 बजे मनमोहन अपने चचेरे भाई रामलाल के साथ गुरसरांय सामान लेने गया था। खरीदारी के बाद दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। बताया गया कि गुरसरांय से करीब चार किलोमीटर आगे मड़पुरा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहा मनमोहन उछलकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर तीनों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मंगलवार को मनमोहन ने दम तोड़ दिया, जबकि रामलाल (30) और आशीष (40) की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। परिजनों के अनुसार, मनमोहन की शादी वर्ष 2023 में हुई थी और छह महीने पहले ही उसकी बेटी का जन्म हुआ था। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेहोश हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं, पुलिस इस भीषण सड़क हादसे की जांच में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जब आमने सामने आईं तो बाइक चला रहे युवक कंट्रोल खो बैठे।

# मोबाइल के विवाद में पति ने लगाई फांसी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद के चिरगांव थाना क्षेत्र के दबरा गांव में एक युवक का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ पर बने फंदे से लटका मिला। युवक पिछले पांच दिनों से लापता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक की पहचान प्रिंस (23) पुत्र दीनदयाल के रूप में हुई है, जो पेशे से ट्रक ड्राइवर था। परिजनों के मुताबिक, एक सप्ताह पहले वह एक रिश्तेदार की शादी में गया था, जहां उसका मोबाइल फोन खो गया था। घर लौटने के बाद उसने अपनी पत्नी अंजलि से मोबाइल देने को कहा, लेकिन मना करने पर दोनों के बीच मामूली विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि 29 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे प्रिंस ट्रक पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह अपने काम पर नहीं पहुंचा। मोबाइल न होने के कारण उससे संपर्क नहीं हो सका। जब पत्नी ने ट्रांसपोर्ट कंपनी में फोन कर जानकारी ली तो पता चला कि वह काम पर नहीं पहुंचा है। मृतक के बड़े भाई विकास ने बताया कि गांव के एक चरवाहे ने सूचना दी कि जंगल के अंदर एक पेड़ के पास कई कुत्ते मंडरा रहे हैं। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि प्रिंस का शव गमछे से बने फंदे पर लटका हुआ है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के मामा धीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रिंस की शादी तीन साल पहले अंजलि से हुई थी और उसका एक साल का बेटा पार्थ है। उन्होंने बताया कि प्रिंस के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह अपने बड़े भाई-भाभी के साथ रहता था। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच कोई बड़ा विवाद नहीं था, जिससे इतना बड़ा कदम उठाने की वजह स्पष्ट नहीं है। उनका मानना है कि मोबाइल फोन मिलने पर ही घटना के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति साफ हो पाएगी। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# मुठभेड में गाड़ी सवार दो तस्कर गिरफ्तार, शराब की 256 बोतल, 1.32 लाख रुपए बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना रक्सा पुलिस द्वारा 5 मई को ग्राम अठोदना पठारी तिराहा थाना रक्सा जनपद झांसी क्षेत्र से मुठभेड़ के दौरान दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर चार पहिया गाड़ी में रखी अंग्रेजी शराब की विभिन्न कंपनियों की 256 बोतल, एक तमंचा, कारतूस, 1,32,550/- रुपये व 03 मोबाइल बरामद कर लिए। पकड़े गए आरोपी के नाम भूपेन्द्र सिंह यादव पुत्र गोविन्द सिंह यादव गोविन्दगंज पठ्ठापुरा थाना कोतवाली दतिया म0प्र0, विष्णु सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम बुराबई थाना डींग जनपद डींग राजस्थान बताए गए हैं। यह दोनों गाड़ी संख्या वढ 93 इफ 6688 से अवैध शराब की खेप ले जा रहे थे। ग्राम अठोदना पठारी तिराहा थाना रक्सा जनपद झाँसी में पुलिस घेराबंदी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया गया।

# स्टेशन पर 20.546 किग्रा गांजा सहित अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी ।** जीआरपी व आरपीएफ डिटेक्टिव विंग ने रेलवे स्टेशन पर चैकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 25 हजार रुपए से अधिक कीमत का गांजा बरामद कर लिया। यह गांजा रायपुर से लाकर दिल्ली ले जाया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ट्रेनों में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सलीम खान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी के नेतृत्व में गठित जीआरपी टीम व आरपीएफ डिटेक्टिव विंग ने रेलवे स्टेशन झांसी सर्कुलिंटिग एरिया से एक अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार कर लिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का नाम तुलसी दास शुक्ला निवासी हाउस नं0 4 स्ट्रीट नम्बर 5 सीआरपी कैम्प बिहारीपुर एक्सटेन्स, बिहारीपुर, उत्तर पूर्व दिल्ली मूल पता बिलाड़ी थाना हरैया जिला बस्ती, वर्तमान पता रामपारख गौरव सिटी लोनी थाना ट्रोनिका सिटी राम पारख गाजियाबाद है। इसके पास से 20.546 किग्रा गांजा बरामद किया गया। उसने बताया कि यह गांजा रायपुर से लाकर दिल्ली में जाकर एक अज्ञात व्यक्ति को बेच देता हूं। उसने बताया कि उसे रायपुर में एक लड़की ने गांजा लाकर दिया था। गांजा के इस धंधे में पकड़े जाने के डर से कोई अपना नाम नहीं बताया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक राहुल सिंह, मुख्य आरक्षी अमित तिवारी, वीर विक्रम सिंह, आरक्षी भाष्कर शुक्ला, अनिल कुमार व आरपीएफ की डिटेक्टिव विंग के सहायक उपनिरीक्षक नवीन कुमार, मुख्य आरक्षी तौफीक खान, आरक्षी सुरेन्द्र सिंह विष्ठ, गुरमीत सिंह व दशरथ सिंह शामिल रहे है।

# नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण परीक्षा जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता: नोडल अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** अपर जिलाधिकारी/ नोडल अधिकारी परीक्षा शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता ( पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) 02 दिवसीय लिखित परीक्षा-2022 दिनांक 09 एंव 10 मई 2026 को नगर के 06 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा से संबंधित तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई।



बैठक में अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में परीक्षा के दौरान नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य अपने नेतृत्व में समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तैयारियां सुनिश्चित कर लें एवं पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में यदि कोई कमी रह गई हो तो उसे किसी भी स्थिति में दोहराया न जाए। उन्होंने परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए कहा कि परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक एडमिशन कार्ड की शक्ति से जांच करें। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा की लिखित परीक्षा हेतु जनपद में 06 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण हुआ है। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों का पुन: सत्यापन करना सुनिश्चित करें,साथ ही यह अवश्य देख लें कि परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा, विद्युत व्यवस्था के अतिरिक्त पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन,वॉच, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली जाए, उन्होंने विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। दिनांक 09 एंव 10 मई 2026 को पी0जी0टी0 की परीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के आस-पास धरना प्रदर्शन, जुलूस, जनसभा नहीं होगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग बिना अनुमति नहीं किया जाएगा, इसके साथ ही साथ परीक्षा केंद्र के आस-पास फोटो स्टेट मशीन परीक्षा केंद्र बंद रखें जाएंगें इसे कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा के मद्देनजर जनपद झांसी में द0प्र0स0 की धारा-163 प्रभावी रहेगी, सभी अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट का यह दायित्व होगा कि धारा-163 द0प्र0स0 का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। दिनांक 09 एंव 10 मई 2026 को आयोजित होने वाली पी0जी0टी0 परीक्षा के दौरान सभी 06 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा पूर्ण शांति और शुचिता के साथ संपन्न हो। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा ने बताया कि नगर में 02 दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट टीचर की लिखित परीक्षा 06 परीक्षा केन्द्रों पर 02 सत्र में सम्पन्न होगी। उन्होने बताया कि उ0 प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता की लिखित परीक्षा में 09 मई 2026 को प्रथम पाली में 2117 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 1875 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दिनांक 10 मई को 06 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में 2308 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में नगर में 1521 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित होंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रती वर्मा सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# माधौगढ़ में स्मार्ट मीटर बिल विवाद: बसपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## मुकदमा वापसी की मांग



(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** जालौन के कस्बा माधौगढ़ थाना व तहसील माधौगढ़ के शांतिप्रिय निवासियों ने स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर थाने में दर्ज मुकदमे को वापस कराने और समस्या के मानवीय समाधान की मांग की है। ज्ञापन में एसडीओ माधौगढ़ की हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है।

बसपा के झांसी मंडल प्रभारी डा. बृजेश जाटव के नेतृत्व में लोकसभा पूर्व प्रत्याशी सुरेश कुमार गौतम, माधौगढ़ विधानसभा सभा प्रभारी एवं संभावित प्रत्याशी आशीष कुमार पांडेय, शैलेन्द्र गौतम, मुकेश, मनोज याज्ञिक, विनय गौतम, दीपेंद्र, सुखराम, बसपा जिलाध्यक्ष अंतर सिंह पाल, रवि, अनिल पालीवाल सहित आदि बसपा नेता मौजूद रहे। बसपा नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि 13 अप्रैल 2026 को ग्रामीणों ने अधिक बिल की शिकायत पर एसडीओ माधौगढ़ को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर 15 अप्रैल को चितौरा बस स्टैंड पर शांतिपूर्ण धरना शुरू किया। इसमें महिलाएं, पुरुष व छात्र शामिल थे। मौके पर पहुंचे एसडीएम माधौगढ़ ने वार्ता के दौरान महिलाओं व एक छात्र से कथित अभद्रता की, जिससे तनाव बढ़ गया। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी जालौन भी पहुंचे और बसपा कार्यकर्ताओं की मदद से मामला शांत कराया। अपर जिलाधिकारी ने समस्या निस्तारण व किसी कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया तथा शिकायती पत्र पर एसडीओ को हटा भी दिया। फिर भी अगले ही दिन 16 अप्रैल को एसडीओ-2 उमाशंकर सक्सेना ने थाना माधौगढ़ में मु0अ0सं0-0037/26 दर्ज कराई, जिसमें धारा 285, 126(2), 191(2), 190, 121(1), 125, 132, 352, 7 के तहत 18 नामजद व 60 अज्ञात लोगों पर मुकदमा लिखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम के आश्वासन के बावजूद न तो समस्या हल हुई और न ही मुकदमे से बचा गया। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मुकदमा वापस कराने व स्मार्ट मीटर समस्या के समाधान की प्रार्थना की गई है। प्रार्थी गणों ने कहा कि वे कानून का पालन करने वाले हैं तथा केवल न्याय चाहते हैं। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर स्मार्ट मीटर को लेकर असंतोष को और बढ़ा दिया है।

# शिक्षामित्रों को सम्मान का बड़ा तोहफा, सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

## 10 हजार से 18 हजार मानदेय, 1.43 लाख शिक्षामित्रों के जीवन में नई मजबूती–5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव माने जाने वाले शिक्षामित्रों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उनके मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। गोरखपुर स्थित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित भव्य शिक्षामित्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर दिया, जो 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी है।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षामित्रों में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री जी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उपस्थित शिक्षामित्रों ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे अपने सम्मान एवं वर्षों के समर्पण की सार्थक पहचान बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद जालौन में कुल 821 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10,000 प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होता था, जो अब बढ़ाकर 18,000 कर दिया गया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आच्छादित करने का निर्णय भी लिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का भी सशक्त कवच प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार शिक्षा और शिक्षकों के हित में ठोस और दूरदर्शी निर्णय ले रही है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके सम्मान और योगदान की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगी तथा बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि सरकार जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों की समस्याओं को समझती है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय शिक्षामित्रों के आत्मविश्वास और कार्यक्षमता दोनों को नई ऊंचाई देगा। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत थे और सरकार ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए यह बड़ा कदम उठाया है। इससे शिक्षामित्रों में नई ऊर्जा का संचार होगा और वे और अधिक समर्पण के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में जुटेंगे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाना और उन्हें कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़ना सरकार की संवेदनशील और कल्याणकारी सोच का परिचायक है। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों से अपेक्षा की कि वे इस विश्वास को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, जिला विकास अधिकरी निशान्त पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी विधायक उरई प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, संजीव उपाध्याय आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क परीक्षण शिविर, 8 से 28 मई तक जिलेभर में आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद जालौन में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत निःशुल्क परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि 08 मई से 28 मई 2026 तक विभिन्न विकास खंड मुख्यालयों व जिला मुख्यालय पर शिविर लगाए जाएंगे, जहां पात्र दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन क्रमशः डकोर, कदौरा, महेवा, नदीगांव, कोंच, रामपुरा, माधौगढ़, जालौन, कुठौंद तथा अंत में उरई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा। सभी शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। इन शिविरों में कृत्रिम हाथ-पैर, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही विभागीय योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन भी किया जाएगा। समाज कल्याण अधिकारी ने दिव्यांगजनों से निर्धारित तिथियों पर अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, अधिकारियों को दिए गए निर्देश

(यंग भारत न्यूज)



**उरई।** 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभिन्न न्यायालयों व विभागों में लंबित मामलों को चिन्हित कर शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण लोक अदालत में हो सके। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी प्रथम ने बैंकों, चिकित्सा विभाग व अन्य विभागों से सुलह योग्य मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# विषाक्त पदार्थ खाकर युवक अचेत

(यंग भारत न्यूज)

**कालपी जालौन 5 मई।** 30 वर्षीय पप्पू पुत्र बालादीन निवासी गुढाखास ने ग्रह कलह के चलते आक्रोश में आकर अचानक सोमवार की शाम घर पर रखा हुआ जहरीला पदार्थ सेवन कर बेहोश अवस्था में हुआ घर पर मौजूद पर परिजनों ने बेहोशी हालत में युवक को उठाकर सीएचसी कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने मरीज की जांच की वही इलाज दौरान मौजूद परिजनों को आश्वासन दिया की मरीज खतरे से बाहर है ठीक होने में समय लगेगा स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया डॉक्टर के आश्वासन पर मौजूद परिजनों ने राहत की सांस ली।

# भीषण सड़क दुर्घटना में डंफर एवं अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

(यंग भारत न्यूज)

**कालपी जालौन 5 मई** बीते दिन सुबह हाईवे में आठ लोगों की मृत्यु एवं दो लोगों के घायल की घटना को लेकर पीड़ित पुत्र की तहरीर पर कालपी पुलिस ने वाहन डंफर एवं अज्ञात चालक खिलाफ जुर्म धारा 281 125 बी 106 तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया को जांच सौंपी। जनपद ललितपुर महरौनी निवासी ध्रुव तिवारी पुत्र परशुराम तिवारी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 4 मई वर्ष 2026 दिनेश सोमवार को टवेरा गाड़ी से 10 लोग अयोध्या में मूर्ति विसर्जन करने के बाद घर वापस आ रहे थे तभी हाईवे में चौरासी गुम्मद समीप गैस एजेंसी गोदाम के हाईवे सड़क के पास डंफर की टक्कर गाड़ी पर लगी जिससे गाड़ी पर सवार 10 लोगों में आठ लोगों की मृत्यु हो गई दो लोगों का इलाज कानपुर में चल रहा है उक्त घटना से जनपद जालौन ही नहीं जनपद ललितपुर महरौनी पूरी तरह आक्रोश व्याप्त होकर मृतक के निज निवासियों में लोग पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर अपना दल (एस) ने जिला कार्यालय में बांटी मिठाई

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत और सरकार बनने की खुशी में आज अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और जीत की बधाई दी।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की जीत यह सिद्ध करती है कि जनता का विश्वास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों और हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीमती अनुप्रिया पटेल के सामाजिक न्याय के संकल्प में अडिग है। उन्होंने कहा कि यह जीत उन कार्यकर्ताओं के परिश्रम की परिणति है जिन्होंने धरातल पर गठबंधन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाया। अनिल कुदारी ने आगे कहा, 'आज का यह उत्सव केवल एक जीत का जश्न नहीं है, बल्कि यह विकासवाद और सुशासन की जीत है। पश्चिम बंगाल की जनता ने हिंसा की राजनीति को नकार कर विकास के मार्ग को चुना है। '?इस दौरान जिला कार्यालय पर भारी संख्या में रोहित राठौर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट लोकेन्द्र सिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विधि मंच , लालसिंह बगिया जिला कार्यकारिणी सदस्य, रामबाबू कुशवाहा, जोन अध्यक्ष उरई ग्रामीण, हेमंत लंबरदार बगिया, गजेन्द्र कुशवाहा कुदारी, शुगर सिंह पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य, रमाकांत कुशवाहा आदि। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने गगनभेदी नारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। मिठाई वितरण के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और सभी ने आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# प्रभारी निरीक्षक ने बाजार में फ्लैग मार्च कर शरारती तत्वों को चेताया तथा जनता को सुरक्षा का कराया एहसास

(यंग भारत न्यूज)




**कालपी जालौन 5 मई।** बीती देर शाम प्रभारी निरीक्षक ने अतिरिक्त इंस्पेक्टर के साथ नए पुलिस जवानों को लेकर बाजार की विभिन्न सड़कों में फ्लैग मार्च कर प्रतिष्ठान व्यापारी दुकानदारों तथा जनता को सुरक्षा का एहसास कराया साथ में शरारती तत्वों एवं अपराधियों के खलबली मची।

सोमवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी कानून इंस्पेक्टर अवनीश कुमार उप निरीक्षक शैलेश कुमार उप निरीक्षक बृजनंदन उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह उप निरीक्षक चौधरी उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना एवं नए पुलिस जवानों तथा महिला सिपाहियों के साथ कोतवाली कालपी प्रांगण से फ्लैग मार्च का आगाज किया तथा मुन्ना फुल पावर होते हुए राम जानकी मंदिर चौराहा होते हुए टरनगंज चौराहा में प्रभारी निरीक्षक तिवारी ने शरारती तत्वों को जमकर ललकारते हुए कहा कि नगर में अमन शांति माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की उनके सारे मंसूबे पूरे ध्वस्त कर कानून के तहत मुकदमा कायम करा कर जेल की सलाखों पीछे भिजवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी उक्त फ्लैग मार्च चौराहे से होते हुए बतासा वाले चौराहे से होते हुए आलमपुर तिराहा से होते हुए मन्नापुर पावर चौराहे में पहुंचकर फ्लैग मार्च का समापन किया मौके में सर्वाधिक युवा पुलिस जवान ट्रेनिंग उपरांत कोतवाली कालपी में तैनात किया गया था सभी युवा जवान एवं युवा महिलाएं पुलिस जवान फ्लैग मार्च में कदम चाल चलते हुए नजर आए। फोटो प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकलता हुआ।

# दिए गए कार्यों पर सभी लेखपाल खरे उतरकर पूरा करें-मनोज

### दिए गए कार्यों के प्रति किसी लेखपाल ने लापरवाही की तो क्षम नहीं होगी- अभिनव तिवारी

(यंग भारत न्यूज)



**कालपी जालौन 5 मई।** तहसीलदार नायब तहसीलदार उपस्थित पर यूपी जिला अधिकारी की अध्यक्षता एवं राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में लेखपाल की साप्ताहिक बैठक आयोजित कर निर्देश दिए।

मंगलवार के दिन तहसील कालपी सभागार में आयोजित लेखपालों की साप्ताहिक बैठक पर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मौजूद लेखपालों को कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जैसे जनगणना एवं फार्मर रजिस्ट्री तथा खतौनी की कंप्यूटर में फीडिंग आदि राजस्व कार्यो को सभी लेखपाल अपनी अपनी जिम्मेदारी में खरे उतरकर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने मौजूद लेखपालों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को तथा गैर जिम्मेदार लेखपालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा मुझे हर हाल में दिए गए कार्यों को सत प्रतिशत पूरा कर अपनी अपनी जिम्मेदारी में खरे उतरने के निर्देश दिए तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बैठक में मौजूद लेखपालों से कहा कि जो कार्य उप जिलाधिकारी ने आपको बिंदु बार बताते हुए दिए हैं उन कार्यों के प्रति करने में आप लोग सदैव खरे उतरे प्रत्येक मीटिंग में कई लेखपालों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कई महीने से चल रहा है जो आज तक पूरा नहीं किया गया है हर हाल में फार्मर रजिस्ट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए साथ में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन कर अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार बनकर राजस्व के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला राजस्व निरीक्षक कुंवर हरेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक प्रमोद द्विवेदी राजस्व निरीक्षक सुरेश राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह यादव लेखपालों में अभिषेक यादव जितेंद्र राजपूत विभा पल्लवी श्रीवास्तव प्रिया सिंह चौहान राहुल कुमार प्रशांत गौतम छविनाथ सिंह पाल जयपाल सिंह विद्यासागर जितेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# एसपी के ऑफिस में न मिलने से मायूस हुए पीड़ित ग्रामीण, भाइयों के हमले व लूट के बाद न्याय को भटकते घूम रहे है

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सुरहती निवासी दिनेश कुमार कुशवाहा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, लेकिन एसपी महोदय के न मिलने से निराश होकर लौट गए। दिनेश ने अपने भाइयों दीपक, बबलू व दीपक की पत्नी शिल्पी पर आंध्र प्रदेश के पानी पूरी धंधे का सारा पैसा हड़पने, हिस्सा न देने व 3 मई 2026 रात 9 बजे घर में गला दबाकर मारने की कोशिश का आरोप लगाया है।

चिल्लाने पर अन्य भाई संतोष व राजकुमार ने बचाया, लेकिन थाने में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बनकर साठगांठ की व दिनेश व भाइयों को पकड़वा दिया। माता-पिता व तीन माइयों पर भी हिस्सा न देकर धमकी व मारपीट का आरोप है। दिनेश ने एसपी को पत्र देकर थाना आटा पर एफआईआर दर्ज कर धंधे का हिस्सा दिलाने की मांग की, मगर कोई कार्रवाई न होने से परिवार भयभीत है। एसपी कार्यालय से निराशा के बाद पीड़ित अब न्याय के लिए भटक रहा है।

# तीन वर्ष से आवास पाने के लिए भटक रही विकलांग महिला

### जिलाधिकारी को कई बार शिकायती पत्र सौंपा कर लगा चुकी है न्याय की गुहार

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** कालपी तहसील के विकास खंड महेवा के ग्राम विनौरा वैध निवासी विकलांग महिला संगीता देवी पत्नी सतीश कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अनुसूचित जाति की गरीब महिला है उसका पूरा मकान कच्चा है जिसकी वजह से बारिश के मौसम में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है तथा बारिश में घासफूस के खपरेल से पानी टपकता है तथा कच्चा घर जीर्ण-शीर्ण हालत में है जो कभी भी गिर सकता है। जिसकी वजह से रात भर सो नहीं पाती है प्रार्थनी पति मेहनत मजदूरी करके भरण पोषण परिवार का करता है।प्रार्थनी के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। विकलांग महिला ने जिलाधिकारी से सरकारी आवास दिलवाये जाने की मांग उठाई है।

# उधार के रुपए मांगने पर युवक संग गाली गलौच व जान से मारने की दी धमकी

### पीड़ित ने एसपी शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम रूदावली में उधार के रुपये मांगने पर एक युवक के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित आशाराम पुत्र राम खिलौने ने पुलिस से लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार, उसने गांव के ही बब्लू उर्फ बब्लू राजा को कुछ समय पहले रुपये उधार दिए थे। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत थाना रेंढर में की गई, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया था। आशाराम का आरोप है कि समझौते के बावजूद आरोपी अब तक रुपये वापस नहीं कर रहा है और लगातार धमकियां दे रहा है। उसने बताया कि रुपये मांगने पर आरोपी दबंगई दिखाते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देता है, जिससे वह और उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। उसने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद पुलिस के गृह दशा चल रहे हैं खराब-कुठोन्द इंस्पेक्टर की संदिग्ध मौत, लेडी सिपाही जेल में, अब 4 वर्दीधारियों की हो गई है अकाल मौत

- अपहृत को बरामद करने गई पुलिस टीम की स्कोर्पियो हरियाणा में बुरी तरह हुई क्षतिग्रस्त, दो दरोगा, दो सिपाही तथा वादी की दर्दनाक मौत
- ओवरटेक के चक्कर में जबरदस्त हुआ एक्सीडेंट, गाड़ी को काट कर निकाले गए मृतक पुलिसजनों के शव





( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन के कोतवाली उरई में पंजीकृत अभियोग संख्या 256/2026 में अपहृत बिजेन्द्र सिंह की सकुशल बरामदगी के लिए हरियाणा जा रही पुलिस टीम एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में टीम के 2 उपनिरीक्षक, 2 आरक्षी और मुकदमे के वादी समेत कुल 5 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिससे पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उरई कोतवाली में दर्ज अपहरण के मामले में अपहृत युवक की तलाश हेतु पुलिस टीम जालौन से हरियाणा के लिए रवाना हुई थी। आज दिनांक 05 मई 2026 को प्रातः लगभग 10:00 बजे हरियाणा के जनपद नूंह के थाना तावडू सदर क्षेत्र में टीम की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही पांचों लोगों ने दम तोड़ दिया।

हादसे में मृतकों में–

उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह (कोतवाली उरई)

उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव (कोतवाली उरई)

आरक्षी प्रदीप कुमार (सर्विलांस सेल)

आरक्षी अशोक कुमार (कोतवाली उरई)

अमरीक सिंह पुत्र देवा सिंह निवासी बुसेरा, थाना मूनक, जनपद संगरूर (पंजाब) — वादी मुकदमा शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जालौन ने बताया कि अपहृत की बरामदगी के लिए पुलिस टीम हरियाणा जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जनपद नूंह के जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। यह हादसा हरियाणा के मानेसर एक्सप्रेस वे जनपद नूह में उस समय हुआ ज़ब सकार्पियो चालक ने आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, जी ही चालक ने वाहन को ओवर टेक किया रफ्तार अधिक होने के कारण स्कार्पियो आगे चल रहे वाहन से टकरा गयी, टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गये सभी सवारों की बॉड़ी वाहन में ही फंस गयी, मौक़े पर पहुंची नूह पुलिस ने क्रेन के माध्यम से वाहन को अलग कराने के बाद वाहन काट कर सभी पांच शव किसी तरह बाहर निकाले तथा घटना की जानकारी जालौन पुलिस प्रशासन को दी, बताया गया हैं कि जिस स्कार्पियो से जिले की पुलिस टीम जा रही थी वह हरियाणा के जींद में रजिस्टर्ड थी। जनपद जालौन पुलिस ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत पुलिसकर्मियों एवं वादी के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। कर्तव्य पालन के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जा रही है।



# शादी समारोह के दौरान महिला के जेवर व नगदी गायब

## शिकायत करने पर जेठ ने की मारपीट महिला घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में चोरी और मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोब में एक विवाह समारोह के दौरान महिला के बैग से जेवरात और नकदी चोरी हो गई।महिला ने जव इसकी शिकायत की तो महिला के साथ मारपीट कर दी।

जानकारी के अनुसार, झांसी जनपद के मऊरानीपुर निवासी संगीता कुशवाहा 30 अप्रैल 2026 को अपने जीजा के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने तहसील क्षेत्र के ग्राम बसोब आई थीं। रात में सोते समय उन्होंने अपना बैग, जिसमें सोने–चांदी के जेवरात, कपड़े और करीब 32 हजार रुपये नकद थे, घर की एक महिला को सुरक्षित रखने के लिए दे दिया था।संगीता का आरोप है कि देर रात करीब घर में हलचल हुई और कुछ लोग बैग लेकर जाते दिखाई दिए। पूछने पर उन्होंने सामान दूसरे कमरे में रखने की बात कही। हालांकि सुबह जब पीड़िता ने बैग वापस लिया तो उसमें रखे जेवरात और नकदी गायब थे। पीड़िता ने जब इस बारे में पूछंताछ की तो आरोपियों ने पहले टालमटोल किया और बाद में साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर कथित रूप से धमकी भी दी गई।इसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ ग्राम तीतरा खलीलपुर पहुंची और थाने में शिकायत दी।वही शिकायत से नाराज होकर महिला का जेठ सोमवार देर रात वहां पहुंच गया और उसने महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला ने पीआरबी को सूचना दी सूचना पर पहुची 112 ने तत्काल घायल संगीता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। वहीं मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो की स्वदेश समाचार पत्र पुष्टि नही करता है।पीड़िता ने पुलिस से चोरी गए जेवरात और नकदी की बरामदगी के साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा शिकायती पत्र के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील क्षेत्र के विभिन्न इंटर कालेजों के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** स्थानीय जालौन रोड स्थित सूरज ज्ञान महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षाफल 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तहसील क्षेत्र के विभिन्न इंटर कालेजों के छात्र–छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक अंकुर यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेडीसी बैंक उरई के सभापति एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। समारोह में सिमिरया, देवगांव, चांदनी, बालिका विद्या मंदिर, सेठ विंद्रावन, अमरचंद महेश्वरी, सरस्वती विद्या मंदिर कोंच, नाथूराम पुरोहित बालिका इंटर कालेज, पंडित रामस्वरूप रावत, हरदोई गुर्जर, अंडा विद्यालय, पहाड़गांव, आरएस विद्यापीठ जमरोही कलां, अकनीबा, क्योलारी, भदेवरा सहित विभिन्न इंटर कालेज के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को मंच से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बृजभूषण सिंह मुन्नू ने मेधावियों छात्र छात्राओ को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रोहित राठौर ने किया।इस मौके पर विवेक कुशवाहा, नीरज दुवे, मनीष नगरिया, राजेंद्र दुवे, दीपक मिश्रा, डॉ. सुनील मुदगिल, मनोज पटेल, अजय स्वर्णकार, नीरज सोनी आदि मौजूद रहे।

# बंगाल चुनाव में भाजपा का परचम लहराया

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रभार वाली सभी सातो सीटें जीती भाजपा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा को पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके नेतृत्व में पार्टी ने कल्याणी, हरणघाटा, बागिदा, बनगांव उत्तर, बनगांव दक्षिण, गायगाटा और रूपनगर सहित सात आरक्षित सीटों पर विजय प्राप्त की। वहां मिली इस सफलता को यहां के कार्यकर्ताओं ने जमकर सेलीब्रेट किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ता भानु प्रताप सिंह वर्मा के निवास पर एकत्रित हुए, जहां ढोल–नगाड़ों के बीच मिठाई वितरण कर एक–दूसरे को बधाई दी। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की नीतियों व नेतृत्व में जनता के विश्वास का परिणाम बताया।पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा को केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल चुनाव के प्रचार के लिए भेजा था।भानू वर्मा ने भी केंद्रीय नेतृत्व के आदेश का पालन पूरे समय बंगाल चुनाव में कार्यकर्ताओ के साथ बैठके कर रणनीति बनाई और सफलता भी हासिल की।

# साईकिल से गिरा युवक, संदिग्ध परिस्थितियो में हो गई मौत

## पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र में बीती देर रात एक 47 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी आनंद कुमार उम्र 47 वर्ष पुत्र स्व गोरेलाल पिछले करीब 20 वर्षों से फरीदाबाद में रहकर कपड़ों की सिलाई का काम करते थे। बताया जा रहा है कि वह तीन दिन पहले ही एक रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने पैतृक गांव उमरी आए थे।सोमवार शाम करीब चार बजे आनंद कुमार साइकिल से घमूरी गांव की ओर निकले थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक वह साइकिल से गिर पड़े।आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक की मौत किन कारणों से हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि गिरने से पहले ही उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या जैसे हार्ट अटैक या चक्कर आना हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है और आगे की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी हो पाएगा

# विवाहिता को कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर खींचें अश्लील फोटो और विडीओ

## अब वायरल करने की धमकी देकर महिला से हो रहा हूं भया दोहन का प्रयास


( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मालवीय नगर निवासिनी पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मुहल्ला तिलक नगर निवासी विशाल यादव पुत्र अज्ञात ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और जबरन अश्लील हरकत करते हुए मेरी फोटो खींच ली जिसे वह वायरल करने की धमकी दे रहा है।पीड़िता ने बताया जब मैंने विरोध किया तो उक्त ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 123/64ए/352(2) बीएनएस में मुकद्दमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# नव दंपत्ति ने अचानक फंदे पर झूल कर करली आत्महत्या

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन–उरई ।** अज्ञात कारणों के चलते दंपत्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एक साथ एक घर से दो अर्थियां उठने से गांव में मातम पसरा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरिया खुर्द में सोमवार की रात एक हृदय विदारक घटना हुई। बिरिया खुर्द निवासी रामप्रसाद मजदूरी करते हैं। उनके बेटे विवेक (23) ने करीब तीन साल पहले साधना से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद वह घर में ही अलग रह रहा था। विवेक भी मजदूरी करके पत्नी और छह माह की बेटी काव्या का भरण पोषण कर रहा था। सोमवार की रात विवेक के पिता और भाई मजदूरी के लिए गए थे। मां भी गांव में निमंत्र,ण में गई थी। इसी दौरान रात करीब सात बजे विवेक ने स्टॉल से और पत्नी संध्या ने स्टॉल से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। रात में जब गांव के लोगों ने बच्ची के रोने चिल्लाने की आवाज सुनी तो वह घर के अंदर पहुंचे। जहां पति पत्नी के शव घर के टिन शैड के कमरे में बांस बल्ली के सहारे लटक रहे थे। ग्रामीणों ने परिजनों और प्रधान संजय तोमर को सूचना दी। प्रधान ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। परिजनों के पहुंचते ही वहां चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही एएसपी डॉ. ईसान सोनी, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल हरिशंकर चंद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचं गए। खुदकुशी का कारण जानने का प्रयास किया गया। लेकिन कोई जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद जैसे ही दोनों के शव गांव पहुंचे तो गांव में कोहराम मच गया। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। आगे जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जालौन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इस दुखद घटना से गांव में शोक का माहौल है। एक साथ दंपत्ति की मौत से हर कोई स्तब्ध है और तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

- हालात हैं पूरी तरह से संदिग्ध, दंपत्ति की 6 माह की बालिका हो गई अनाथ
- जांच में जुटी पुलिस

# उधारी का पैसा मांगना पडा भारी

## ग्राहक ने दुकानदार पर किया पत्थर से हमला, दुकानदार घायल



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात उधारी के पैसा मांगन एक दुकानदार को भारी पड गए।ग्राहक से पैसा मांगने पर विवाद खडा हो गया और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के आराजीलेन में एक दुकानदार को मुर्गा उधार देने के बाद पैसा मांगने पर खून खच्चर होना पड़ा।

बताया गया मुर्गा दुकानदार रहीश ने एक ग्राहक को कुछ दिन पहले मुर्गा उधार दिया था। जब दुकानदार ने ग्राहक से अपने उधारी के 540 रुपये वापस मांगे, तो ग्राहक नाराज हो गया। बताया जा रहा है कि उस समय ग्राहक–दुकानदार दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली–गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। और ग्राहक ने दुकानदार के सर पर पत्थर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। मारपीट के दौरान रहीश को कई चोटें आई। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच–बचाव कर उसे छुड़ाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। घायल रहीश ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने प्रार्थनापत्र के आधार पर जांच प्रारंभ की। अधिकारियों का कहना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान कर उन्हे शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में जल जीवन मिशन की टंकी गिरने पर योगी सरकार की सख्त कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )





**बरेली।** प्रदेश के बरेली जिले में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन जल टंकी के गिरने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा कदम उठाया है। इस मामले में सरकार ने दो इंजीनियरों को बर्खास्त कर दिया है, जबकि एक जूनियर इंजीनियर को निलंबित किया गया है।

इसके साथ ही मामले की जांच के लिए एक तकनीकी ऑडिट कमेटी का गठन किया गया है। निर्माण करने वाली कंपनी एनसीसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

## जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई

जल निगम ग्रामीण के संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित किया गया है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा, जल निगम ग्रामीण के असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है और अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बरेली में टीपीआई बीएलजी के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी हटा दिया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

## निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया

निर्माणाधीन टंकी गिरने के मामले में एनसीसी लिमिटेड और टीपीआई बीएलजी को ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस जारी किया गया है। प्रारंभिक जांच टेक्निकल ऑडिट कमेटी को सौंपी गई है, जो अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करेगी। जलशक्ति मंत्री ने टीएसी की रिपोर्ट आने के बाद मामले की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सपा सांसद का भाजपा सरकार पर हमला

सपा सांसद नीरज मौर्या ने कहा कि आंवला तहसील के सरदार नगर में पानी की टंकी का गिरना एक गंभीर मामला है। यह निर्माण कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार का परिणाम है। उन्होंने जल जीवन मिशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। वे पहले भी इस मुद्दे को लोकसभा में उठा चुके हैं, लेकिन सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब इस मुद्दे को 'दिशा' की बैठक में जिलाधिकारी और अधिकारियों के सामने उठाएंगे।

## जलशक्ति मंत्री का सख्त निर्देश

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लिया एक्शन

बरेली में जल जीवन मिशन योजना की टंकी गिरने के मामले में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्माण एजेंसी एनसीसी लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और उसे ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा कई जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। जल निगम ग्रामीण के संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित किया गया है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। एक अन्य असिस्टेंट इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# हरदोई में पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव, कल शाम घर से दोनों हुए थे फरार

( यंग भारत न्यूज )



**हरदोई।** प्रदेश के हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र में सरकारी ट्यूबवेल के निकट एक नीम के प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके हुए मिले। शव बरामद होने के बाद हड़कंप मच आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को उतारा। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी मची हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा का रहने वाला 25 वर्षीय रवि उर्फ टाइगर पुत्र बहादुर और 16 वर्षीय काजल पुत्री सुरेंद्र के शव मंगलवार सुबह करीब 8 बजे सरकारी ट्यूबवेल के पास नीम के एक पेड़ से लटके हुए मिले। किशोरी दुपट्टे से लटकी थी, जबकि युवक गमछे से लटका था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस और दोनों के परिजनों को दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय, क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा।

## सोमवार को दोनों घर से फरार हुए थे


बताया जाता है कि दोनों रिश्तेदार थे और उनके बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों फोन से बातचीत करते थे और चोरी छिपे मिलते भी थे। सोमवार को शाम करीब 5 बजे दोनों घर से फरार हो गए थे। मृतक युवती के पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

## कल शाम को तहरीर मिली थी- हरदोई एसपी

मौके पर पहुंचे एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मृतक युवक और युवती आपस में ही रिश्तेदार थे। कल शाम को युवती के चाचा ने युवक पर उसकी पुत्री को भगा ले जाने की तहरीर थाने में दी थी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पुलिस जांच में जुटी है।

# यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, अब पोस्टपेड की तरह काम करेंगे प्रीपेड स्मार्ट मीटर, नहीं कटेगी अचानक बिजली

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार ने एक बड़ा और राहत देने वाला फैसला लिया है. लंबे समय से प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिनमें सबसे बड़ी समस्या अचानक बैलेंस खत्म होने पर बिजली कटने की थी.अब सरकार ने इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में बदलाव किया है. नई व्यवस्था के तहत प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड की तरह काम करेंगे, जिससे उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी.

सरकार के इस फैसले के बाद अब उपभोक्ताओं को हर महीने बिजली का बिल मिलेगा. पहले जहां लोगों को पहले से रिचार्ज कराना पड़ता था, अब उन्हें खपत के अनुसार बिल दिया जाएगा. साथ ही, बिल जमा करने के लिए 15 दिनों का समय भी मिलेगा. इससे अचानक बिजली कटने की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी. ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि यह कदम उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है. उनका कहना है कि इससे बिलिंग प्रक्रिया पहले से ज्यादा आसान और पारदर्शी हो जाएगी.

## अब ऐसे मिलेगा बिजली बिल

नई व्यवस्था के अनुसार, हर महीने की पहली तारीख से लेकर आखिरी तारीख तक बिजली की खपत का हिसाब रखा जाएगा. इसके बाद 10 तारीख तक उपभोक्ताओं को उनका बिल भेज दिया जाएगा. यह बिल एसएमएस और व्हाट्सऐप के माध्यम से सीधे मोबाइल पर पहुंचेगा. इस सुविधा से लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उन्हें समय पर जानकारी मिल जाएगी. सबसे खास बात यह है कि बिल मिलने के बाद भुगतान के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिससे जल्दबाजी में भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी.

## बिल न मिलने पर क्या करें?

अगर किसी कारण से उपभोक्ता को समय पर बिल नहीं मिलता है, तो उसके लिए भी विकल्प दिए गए हैं. उपभोक्ता व्हाट्सऐप चैटबॉट पर अपना कनेक्शन नंबर भेजकर बिल प्राप्त कर सकते हैं. इसके अलावा 1912 पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर भी बिल निकलवाया जा सकता है. जिन लोगों ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, वे उसे अपडेट कराकर दोबारा बिल अलर्ट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं. इससे किसी भी तरह की जानकारी छूटने की संभावना कम हो जाएगी.

## बकाया बिल के लिए राहत

सरकार ने पुराने बकाया बिल को लेकर भी राहत दी है. 30 अप्रैल तक के बकाया को अब उपभोक्ता 10 आसान किस्तों में जमा कर सकते हैं. इसका मतलब है कि जिन लोगों पर ज्यादा बकाया है, उन्हें एक बार में पूरा भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी. जिन उपभोक्ताओं के यहां पहले पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर लगाए गए थे और उनकी सिक्योरिटी राशि वापस कर दी गई थी, अब उसे फिर से लिया जाएगा. लेकिन इसे भी एक साथ नहीं देना होगा. सरकार ने इसे चार किस्तों में जमा करने की सुविधा दी है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव नहीं पड़ेगा.

## शिकायतों के लिए विशेष कैंप

स्मार्ट मीटर और बिलिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मई और जून में विशेष कैंप लगाए जाएंगे. ये कैंप खंड और उपखंड स्तर पर आयोजित होंगे, जहां लोग सीधे जाकर अपनी समस्या बता सकेंगे. साथ ही ऑनलाइन शिकायत की सुविधा भी जारी रहेगी. सरकार ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि बिजली सप्लाई तय समय के अनुसार सुनिश्चित की जाए. अगर कहीं ट्रांसफॉर्मर खराब होता है, तो उसे तुरंत ठीक या बदलने के आदेश दिए गए हैं. इससे उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्या से राहत मिलेगी.

## हेल्पलाइन नंबर जारी

बिलिंग या बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि लोग आसानी से अपनी शिकायत दर्ज कर सकें और समय पर समाधान पा सकें.

पूर्वांचल: +91 8010968292
मध्यांचल: +91 7669003409
पश्चिमांचल: +91 7859804803
दक्षिणांचल: +91 8010957826
केस्को (कानपुर): +91 8287835233

# बाइपास की गायब फाइल की जांच कराएं डीएम मऊ, इलाहाबाद एचसी ने 46 वर्ष पुराने मामले में दिया आदेश

( यंग भारत न्यूज )



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वर्ष 1979 में बिठौली बाइपास के लिए अधिगृहीत जमीन से संबंधित फाइल नंबर 383 रिकार्ड रूम से गायब होने के मामले में जांच के लिए जिलाधिकारी मऊ को निर्देश दिया है।

साथ ही कहा है कि अधिगृहीत जमीन बाइपास के नाम दर्ज करने के लिए कदम उठाया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार ने रिंकी सिंह की जनहित याचिका निस्तारित करते हुए दिया है। जनहित याचिका दायर की गई थी बाइपास के नाम अधिगृहीत जमीन दर्ज नहीं होने के कारण किसान बैनामा कर तीसरे पक्ष का अधिकार सृजित कर रहे हैं। इस भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग में यह जनहित याचिका दायर की गई थी। याची का कहना था कि बिठौली बाइपास के लिए वर्ष 1979 में जमीन अधिगृहीत की गई। जमीन का मुआवजा भी निर्धारित कर दिया गया। फाइल 29 नवंबर 1988 को दाखिल दफ्तर कर दी गई, किंतु जमीन बाइपास के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं की गई।

## फाइल नंबर 383 रिकार्ड रूम से गायब है

कोर्ट ने जिलाधिकारी से जानकारी मांगी तो बताया कि फाइल नंबर 383 रिकार्ड रूम से गायब है। इसकी नियमित जांच जरूरी है। करीब 46 वर्ष पुराना यह मामला है। बिठौली गांव मुहम्मदाबाद तहसील में है। यह मऊ जिले में शामिल है। इस पर कोर्ट ने जिलाधिकारी मऊ को जांच कराकर गायब फाइल का पता लगाने और जमीन बाइपास के नाम दर्ज करने के कदम उठाने का आदेश दिया है।

# राजस्थान में 3 लाख में बेची गई कानपुर की युवती; सहेली ने 'खाटू श्याम' ले जाने के बहाने कर दिया सौदा, खरीदने वाला गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर।** कानपुर में युवती ने अपनी ही बचपन की सहेली का सौदा कर दिया। उसे खाटू श्याम दर्शन के लिए ले जाने के बहाने राजस्थान के युवक को बेच दिया। युवती ने उसका तीन लाख में सौदा किया। खरीदार को गिरफ्तार कर लिया गया। बर्रा निवासी महिला ने हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के सागरपुरी में रहने वाली बेटी के बचपन की सहेली रिया पांडेय और उसके पति सुमित पांडेय समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया था। आरोप है कि रिया और उसका पति 21 अप्रैल को बेटी को खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के बहाने ले गए। वहां उन्होंने शादी कराने के नाम पर तीन लाख रुपये में एक युवक को बेच दिया। पुलिस ने आरोपितों के मोबाइल की लोकेशन खंगाली तो राजस्थान मिली। इसके बाद पुलिस ने राजस्थान के सीकर के आसन गांव में दबिश देकर युवती को बरामद कर लिया, जिसे सुरेश प्रजापति ने अपनी पत्नी काजल बताया। बताया कि उसने रिया, सुमित व अभिनव बाजपेई उर्फ राज को तीन लाख रुपये देकर खरीदा है। इसके बाद पुलिस ने सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि महिला ने बेटी की सहेली, उसके पति और एक अन्य युवक को आरोपित बनाया है। युवती को बरामद करने के साथ ही उसे खरीदने का दावा करने वाले राजस्थान के युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। शहर आने के बाद युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने उसका नाम बदलकर काजल कर दिया और फिर फर्जी दस्तावेज बनवाए। इसके बाद उन्हीं फर्जी दस्तावेजों के जरिए कोर्ट मैरिज करने का दबाव बनाया। इन्कार करने पर उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उसने कोर्ट जाकर खुद का नाम काजल बताया और कोर्ट मैरिज के दौरान उसी नाम से हस्ताक्षर भी किए। बर्रा थानाप्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपितों के युवती का फर्जी आधार कार्ड बनवाने की जानकारी हुई है। उसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में भी कार्रवाई की जाएगी।

# लहंगा पहनकर घुसा प्रेमिका के घर, दुष्कर्म में विफल होने पर जलाकर कर दी हत्या; अदालत ने दिया प्रेमी को मृत्यु दंड

( यंग भारत न्यूज )



**मथुरा।** प्रेमिका से दुष्कर्म में विफल होने पर उसकी पेट्रोल डालकर जलाकर हत्या करने के दोषी को मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला लेते हुए जिला जज की अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई।

मृत्यु से पहले शादीशुदा प्रेमिका द्वारा मजिस्ट्रेट को दिए गए बयान ने दोषी को मृत्यु दंड दिलाया। 15 माह की सुनवाई के दौरान ही न्यायालय ने यह निर्णय दिया। मृतका दोषी की बहन की देवरानी थी। हरियाणा के पलवल क्षेत्र निवासी दोषी को वर्ष 2016 में हरियाणा में एक हत्या के मामले में वहां की न्यायालय आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है। फरह थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 मार्च 2025 को एक महिला दोपहर 12 बजे घर में टीवी देख रही थी। सात वर्षीय बेटी, पांच वर्षीय बेटा स्कूल व राजमिस्त्री पति काम पर गए थे। महिला का प्रेमी हरियाणा पलवल के हसनपुर गांव निवासी उमेश एक बोतल में पेट्रोल लेकर महिला के वेश में लहंगा पहनकर आया और घर के अंदर घुस गया। महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, आग की चपेट में आकर उमेश भी झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो छत के रास्ते नीचे कूदकर उमेश भागने लगा। पड़ोसियों ने उमेश को पकड़ लिया और पीटकर अधमरा कर दिया। पुलिस ने महिला और उमेश को अस्पताल में भर्ती कराया। आगरा के एसएन मेडिकल कालेज में बाद में महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने उमेश को जेल भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायाधीश विकास कुमार की अदालत में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि 15 माह तक चली सुनवाई में 10 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मृतका ने मरने से पूर्व मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने बयान दिए थे। एफएसएल की रिपोर्ट में भी महिला पर पेट्रोल डालकर जलाने की पुष्टि हुई। तथ्यों और साक्ष्य के आधार पर जिला न्यायाधीश ने मंगलवार को उमेश को फांसी की सजा सुनाई। उमेश गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद है। महिला के पति पांच भाई हैं। बड़े भाई और छोटे भाई की पत्नियां सगी बहनें हैं। दोषी उमेश इनका सगा भाई है। वर्ष 2023 में उमेश बहनों के पास रहने आया था। यहां उसने सब्जी बेची। इसी दौरान अपनी बहन की देवरानी से प्रेम प्रसंग चलने लगा। वर्ष 2024 में महिला उमेश के साथ घर से भाग गई थी। 23 दिन बाद दोनों को पुलिस ने नैनीताल से बरामद किया। पंचायत के बाद महिला ने उमेश से बात करना बंद कर दिया। इससे नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दिया।

पूर्व प्रेमिका के पति की भी कर चुका हत्या

उमेश ने 10 वर्ष पूर्व हरियाणा के पलवल जिले के थाना हसनपुर में पूर्व प्रेमिका मधु के साथ मिलकर उनके पति श्याम की निर्मम हत्या कर चुका है।

जुलाई 2016 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने छह अक्टूबर 2016 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हरियाणा से उसे 2018 में आजीवन कारावास हो चुका है।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शां की तलाश तेज, 'फाटक' और करीबियों के 61 ठिकानों पर छापेमारी

( यंग भारत न्यूज )



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुख्तार अंसारी के संगठित आपराधिक नेटवर्क (इुस-191 गैंग) को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए अपना शिकंजा और कस दिया है। देर रात पुलिस ने 'ऑपरेशन वज्र' के तहत एक साथ 61 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पिछले काफी समय से फरार चल रही मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शां अंसारी का सुराग लगाना और गैंग की भविष्य की गतिविधियों को रोकना है। पुलिस की टीम मुख्तार अंसारी के घर (फाटक) पर भी पहुंची। यहां उनके भाई से पूछताछ की गई।

## 'फाटक' आवास पर पुलिस की दस्तक

अभियान के दौरान पुलिस की सबसे महत्वपूर्ण कार्रवाई मुहम्मदाबाद स्थित अंसारी परिवार के पैतृक आवास 'फाटक' पर हुई। 50 हजार रुपये की इनामी आफ्शां अंसारी की तलाश में भारी पुलिस बल ने आवास की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस टीम सांसद अफजाल अंसारी के आवास पर भी पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद मुख्तार के बड़े भाई और पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी से काफी देर तक पूछताछ की। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि आफ्शां अंसारी को छिपने में कौन मदद कर रहा है और उसके संभावित ठिकाने कहां हो सकते हैं।

## 5 थानों की 12 टीमों का 'ऑपरेशन वज्र'

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देश पर इस विशाल सर्च ऑपरेशन के लिए मुहम्मदाबाद, भांवरकोल, करंडा, जंगीपुर और सदर कोतवाली की 12 विशेष टीमों का गठन किया गया था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि गैंग के सदस्य जिले में अवांछनीय गतिविधियों को अंजाम देने और शांति व्यवस्था को भंग करने की फिराक में हैं। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने गैंग के 61 सक्रिय सदस्यों और करीबियों की संपत्तियों, हथियारों के लाइसेंस और आय के स्रोतों की गहनता से जांच की। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 24 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे गुप्त स्थानों पर पूछताछ की जा रही है।

## 90 शस्त्रों का सत्यापन और आर्थिक प्रहार

पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस गैंग से जुड़े सदस्यों के पास कुल 90 लाइसेंसी असलहे दर्ज हैं। इनमें से कई शस्त्रों के लाइसेंस पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि पुलिस अब एक-एक शस्त्र का भौतिक सत्यापन कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निरस्तीकरण के बाद वे असलहे मालखाने या अधिकृत दुकानों पर जमा हैं या नहीं। इसके साथ ही, पुलिस सभी सदस्यों का नया 'डोजियर' (आपराधिक कच्चा चिट्ठा) तैयार कर रही है। जो सदस्य छापेमारी के वक्त अपने घरों पर नहीं मिले, उनके लिए पुलिस की सर्विलांस टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। पुलिस का मानना है कि इस स्तर की छापेमारी से गैंग की आर्थिक रीढ़ टूटेगी और फरार इनामी अपराधियों पर दबाव बढ़ेगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि माफिया नेटवर्क से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भाजपा महानगर की जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । झांसी महानगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग 2026 की पूर्व तैयारी बैठक उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में मिली ऐतिहासिक विजय पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। क्षेत्रीय सोशल मीडिया संयोजक हर्ष द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग की मॉनिटरिंग प्रदेश स्तर से ऑनलाइन एवं सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए की जाएगी, जिससे कार्यों की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित होगी। वहीं क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि जिला प्रशिक्षण वर्ग को सुदृढ़ एवं सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी और टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर सदर विधायक रवि शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा, एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, महापौर बिहारी लाल आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, एमएलसी रमा निरंजन सहित जयदेव पुरोहित, संजय दुबे, प्रदीप सरावगी एवं मुकेश मिश्रा, विकास कुशवाहा विनोद नायक अरविंद राजपूत रानू देवलिया, ममता साहू, मनमोहन गेड़ा, मुकुल द्विवेदी, संतराम पेंटर,कंचन आहूजा, डॉ.कंचन जायसवाल, गिरिजा तिवारी, मीनू राजावत, चित्रा सिंह,संजीव अग्रवाल लाला, मनु सिंह, देवेंद्र दुबे,मोहन यादव, राजेश पाल, अभिषेक जैन, ओम बिहारी,सुमन पुरोहित, सिशांक गुरनानी,प्रियांशु डे, चेतन ओझा, अनूप करोसिया, ऋषि सैनी, कमलेश परिहार, विशाल दीक्षित, रंजीत साहू,सुरेंद्र पाल,सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर विधायक रवि शर्मा की पहल रंग लाई, प्रीपेड व्यवस्था समाप्त, विधायक ने एक माह पूर्व लिखा था सीएम को पत्र

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । स्मार्ट बिजली मीटर की प्रीपेड व्यवस्था से परेशान आम जन मानस की समस्या को देखते हुए नगर विधायक पंडित रवि शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ओर ऊर्जा मंत्री को एक माह पूर्व पत्र लिखकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की थी। विधायक की यह पहल रंग लाई। मुख्यमंत्री ओर ऊर्जा मंत्री ने जनता की समस्या का ध्यान रखते हुए बिजली के स्मार्ट मीटर की प्रीपेड व्यवस्था को समाप्त कर पोस्टपेड व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा लिए गए जनहित के इस निर्णय पर नगर विधायक ने मुख्यमंत्री ओर ऊर्जा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



आपको बता दे कि पिछले माह 16 अप्रैल को नगर विधायक रवि शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मार्ट मीटर के कारण लोगों को हो रही समस्याओं के सम्बन्ध में पत्राचार किया था। जनहित की उक्त समस्या पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सरकार का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय निर्णय लिया है।

1.प्रीपेड व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है।

2.सभी उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर सामान्य पोस्टपेड मीटर की तरह ही कार्य करेगा।

3.जैसे आप पहले मासिक बिल भरते थे वैसे ही महीने की 1 तारीख से 30 तारीख तक का बिल अगले दस दिन में आपको एसएमएस या व्हॉटसऐप पर भेजा जाएगा।

4.हर महीने की 10 तारीख को बिल प्राप्त होगा और भुगतान के लिए 15 दिन का समय दिया जायेगा।

5.पिछली बकाया राशि 10 आसान किश्तों में जमा करने की भी सुविधा।

नगर विधायक की इस जनहित की पहल की शहर भर में सराहना हो रही है।

# एक हजार बहिनों के भाई दीपनारायण सिंह की माताजी की पंचम पुण्य तिथि पर प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने किया वृक्षारोपण

### 'मिलने को तो हजारों लोग मिल जाते हैं पर मां जैसा दुबारा कोई नहीं मिलता' - प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय ( झांसी )** – डॉ. राम मनोहर लोहिया पी.जी. महिला महाविद्यालय के संस्थापक, इस क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव जी की माताजी स्व. श्रीमती रामदेवी की पंचम पुण्य तिथि महाविद्यालय के सभागार में मनाई गई।



सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह एवं समस्त स्टाफ ने माताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि समारोह के मौके पर प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने कहा कि स्व. श्रीमती रामदेवी एक सरल हृदय एवं धर्म परायण महिला थीं। उनका जीवन बड़ा ही प्रेरणादायक रहा।महाविद्यालय की छात्राओं ने मां के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने इस अवसर पर अपने कर कमलों से वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पूरा महाविद्यालय परिवार एवं सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन वरिष्ठ लिपिक गुलाब राय शर्मा व डॉ. धीरज दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रियंका खरे को मिली पीएचडी की उपाधि

( यंग भारत न्यूज )

**टहरौली** । कस्बा स्थित आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज में कार्यरत सहायक अध्यापिका प्रियंका खरे को पीएचडी उपाधि मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया प्रियंका खरे द्वारा यह शोध रक्ताल्पता निवारण में लौह लवण युक्त उत्पादों का कुपोषित बच्चों पर प्रभाव झाँसी तथा ग्वालियर जिले का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर किया गया शासकीय कमला राजा कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर में विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान डॉ शैलजा जैन के कुशल मार्गदर्शन में प्रियंका खरे द्वारा यह शोध तैयार किया गया जिस पर जीबाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा इनको पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया प्रियंका खरे आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज में गृहविज्ञान विषय की अध्यापिका हैं इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा व अन्य अध्यापकगणों द्वारा इनको सम्मानित कर प्रसन्नता व्यक्त की गई इस मौके पर महेश चौरसिया बलबीर सिंह योगेश सेन रोहित पटेल पूनम यादव विश्वास पुष्पेंद्र रिछरिया रविंद्र दीक्षित रोहित कुमार कृष्णकांत झा पवन शर्मा रोहित ताई मुकेश पाल आदि मौजूद रहे



# गांव में बिजली कनेक्शन की मांग तेज, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा** । जिले के बड़ोखर गांव के नई बस्ती में बिजली कनेक्शन न होने की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, गांव के कई घर आज भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ रहा है। बच्चे अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खंभे और लाइन की व्यवस्था होने के बावजूद कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान कराया जाए। ज्ञापन देने के दौरान मोहित संदीप अवधेश शिव अवतार संतोष बच्चू रमेश सहित मौके पर कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर झांसी में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। दीनदयाल नगर स्थित भारत माता मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन सीए दुष्यन्त चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और आम जनमानस को भंडारा वितरण के साथ जीत की खुशी साझा की गई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयाँ दीं और उत्सव का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। बंगाल विजय के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खाई गई प्रसिद्ध झालमुड़ी का भी वितरण किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर सुधीर सिंह( जिलाध्यक्ष), संजय दुबे( पूर्व जिलाध्यक्ष)मैथिली शरण मुदगिल, ऋषि सैनी, जितेंद्र तिवारी, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सियाशरण चतुर्वेदी,



प्रेमनारायण साहू, संजीव तिवारी, संजीव पटेरिया, सोनू ठाकुर, विद्याप्रकाश दुबे, बहादुर सिंह चंदेल, आशीष तिवारी (डिप्टी मेयर), अजय अहिरवार, नीलम सकरैया, रूबी कुशवाहा, संतोष साहू, पंकज शुक्ला, रोमी शिवहरे, नरेन्द्र पटेरिया,अजय अहिरवार, सोनू ठाकुर, अनूप करोसिया, राजेश त्रिपाठी, आनंद सक्सेना, राजेश पाल, रसकेंद्र गौतम, निर्मल कुशवाहा, मोनू शिवहरे, अनुज नीखरा, दिलीप पुरी, पवन गौतम, सुबोध गुबरैले, हेमंत परिहार, प्रदीप सरावगी, संजय दुबे, रामबाबू यादव, सचिन मिश्रा, अज्जू तिवारी, रितिका तिवारी, सत्यकाम पुरोहित, ममता सुगर पाल, कामेश अहिरवार, बालस्वरूप साहू, श्रेष्ठ साहू, रजनी सेंगर, चित्रा सिंह, कंचन जयसवाल, शिवम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पार्टी की इस ऐतिहासिक जीत को जनसमर्थन का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के संकल्प को दोहराया। अंत में सभी के प्रति आभार संजीव तिवारी ने व्यक्त किया

# गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ता परेशान, ब्लैक में बेची जा रही है गैस

( यंग भारत न्यूज )

**बांमौर।** यहां क्षेत्रीय गैस उपभोक्ताओ को रसोई गैस सिलेंडर के लिए खडैनी में अंजलि भारत गैस के नाम से एजेंसी संचालित है ।उपभोक्ताओ का आरोप है कि यहां का संचालक कुछ उपभोक्ताओ को टालकर उनके हिस्से की गैस कालाबाजारी की भेंट चढाकर शासन की आंखों में धूल झोंक रहा है। ईरान युद्ध से पैदा हुई गैस समस्याओ से निपटने के लिए जहां हमारी सरकार और शासन कडी मशक्कत कर रहे हैं वहीं ऐ इस समस्या का नाजायज फायदा उठा रहे हैं।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से दोनों बाइक सवार घायल

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली उमरी गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर से दो युवक घायल सीएससी बबेरू में कराया भर्ती बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उमरी गांव के पास दो बाइको की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक में सवार शिव प्रकाश पुत्र राजकुमार उम्र 35 वर्ष, निवासी कछिया थाना असोथर जनपद फतेहपुर व दूसरा बाइक सवार अजय पुत्र रामकरण उम्र 20 वर्ष निवासी फुफदी थाना बबेरू यह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है।

# महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बाँदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव में महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या परिवार में मजा कोहराम पुलिस सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निभौर गांव के मजरा अरखन महुली की रहने वाली सीता देवी पत्नी कृष्ण पाल निषाद उम्र करीब 28 वर्ष, यह घर में छप्पर मे दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जैसे ही परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दिया, मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल किया है, उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है, वही यह जानकारी बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत के द्वारा दी गई है। और कहां है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

# माँ सरस्वती के नाम 108 वृक्ष लगाएं - राम नरेश तिवारी

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय ( झाँसी )** केंद्रीय राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राम नरेश तिवारी ने समाजसेवी सतीश चंद्र चौरसिया के निवास पर पहुँच कर माता सरस्वती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौक़े पर उन्होंने कहा माँ के नाम पर 108 वृक्ष लगाएं, यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा वृक्षों से हम सभी को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं ।आगे कहा बुजुर्गों के नाम पर हम सभी को समाज हित में देश सेवा हित में काम करते रहना चाहिए तभी आत्मा को शांति प्राप्त होती है।



इस मौक़े पर देवेंद्र पिपरईया ,सोनू शास्त्री, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। वहीं: राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने समाजसेवी है सतीश चंद्र चौरसिया के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी सरस्वती देवी को श्रद्धांजली समर्पित की। श्रद्धांजलि में क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत, गरौठा चेयरमैन डॉ अरुण कुमार मिश्रा,गुरसरांय चेयरमैन जयपाल सिंह चौहान,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,रमेश मौर्य,अखिलेश पिपरैया, राम नारायण पस्तोर, चंद्रप्रकाश चौरसिया आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718